Panchsheel Public school

Class -8

Subject -Hindi Sample paper

MM-50

1-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिजिए- (5)

वातावरण एवं वायु-मंडल का दूषित होना प्रदूषण कहलाता है। प्रदूषण की समस्या संपूर्ण विश्व में बड़ी ही तीव्रता से अपना प्रभाव जमाती जा रही है। आज समस्त मानव जाति इस समस्या से आतंकित है, और विश्व का प्रत्येक देश अपने-अपने ढंग से इस समस्या के समाधान में सलंग्न है। प्रदूषण एक ऐसी विकट समस्या है, जिसका समुचित समाधान नहीं हो पा रहा है। वैज्ञानिकों का मत है कि समय रहते यदि तत्काल फैल रहे इस प्रदूषण को सही ढंग से नियंत्रित नहीं किस्म गया तो आगामी दशकों में संपूर्ण धरती किसी भी जीवधारी के रहने योग्य नहीं रहेगी। प्रदूषण का प्रभाव वनस्पतियों पर भी होगा और यह शस्यश्यामला धरती विकृत वनस्पतियों के कारण अपनी संपूर्ण सुन्दरता एवं उपादेयता खो देगी।

**) आज मानवजाति को कौन-सी समस्या भयभीत कर रही है?**

(1) वातावरण की समस्या
(2) प्रदूषण की समस्या
(3) वायुमंडल की समस्या
(4) संपूर्ण विश्व की समस्या

**(ख) हर देश इस समस्या के लिए क्या कर रहा है?**

(1) बढ़ा रहा है
(2) वार्तालाप कर रहा है
(3) समाधान के उपाय ढूँढ रहा है
(4) हल खोज लिया है

**(ग) इस समस्या के दुष्परिणाम के बारे में असत्य कथन कौन-सा हैं?**

(1) पृथ्वी प्राणियों के रहने योग्य नहीं रहेगी
(2) प्राकृतिक आपदाएँ बढ़ जाएँगी
(3) वनस्पतियों को बहुत क्षति पहुँचेगी
(4) पृथ्वी की सुन्दरता नष्ट हो जाएगी

**(घ) धरती का सौंदर्य किनके कारण बना हुआ हैंं?**
(1) ऊँचे भवनों के कारण
(2) जीवधारियों के कारण
(3) वनस्पतियों के कारण
(4) वैज्ञानिकों के कारण

**(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक हो सकता है-**
(1) धरती का सौंदर्य
(2) धरती की सुन्दरता
(2) विकट समस्या
(4) प्रदूषण-एक विकट समस्या

भाग- ख

2-निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए- (2)

विश्वासघात, सामर्थ्य

3-बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए –1×5

1-भारतवर्ष सदा कानून को-

क-कानून के रूप में देखते आ रहा है

ख- त्रुटियो से बचने के साधन के रूप में देखा आ रहा है

ग-धर्म के रूप में देखा आ रहा है

घ-धर्म से बढ़कर समझना आ रहा है

2- जिमी क्या जानकर खुश होता है?

क-उसका मित्र बहुत रईस हो गया है

ख-उसके मित्र के पास रुनजड़ित जनित घड़ी है ।

ग- उसके मित्र के पास हीरे जड़ा स्कार्फपिन  है ।

घ-उसका मित्र हजारों में दूर से उससे मिलने आया है

3-‘ दमकै दंतियाँ दुति दामिनि’ में कौन सा अलंकार है।

क- उपमा अलंकार

ख- अनुप्रास अलंकार

ग- श्लेष अलंकार

घ- रुपक अलंकार

4-चपल का अर्थ क्या होग?

क- मक्खन

ख- बिजली

ग- छाया

घ- ताली

5- स्वांग भरना का अर्थ होगा-

क-शिकायत करना

ख-नाटक करना

ग-वर्णन करना

घ-दुरुस्त करना

4-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-4×1

क-दोनों मित्रों के क्या नाम थे?

ख- समाचार पत्र किस प्रकार के समाचारों से भरे रहते है?

ग-कवि के अनुसार संसार में जीवन जीने का सच्चा फल कौन प्राप्त करता है?

घ- अक्कल क्या-क्या काम करता था?

5-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2×2=4

क-ईमानदारी से धन कमाने में ही जीवन का सच्चा सुख निहित है पाठ के संदर्भ में इस कथन की सार्थकता बताइए।

ख-बुराई की अपेक्षा अच्छाई में रस लेना अधिक उचित है क्यों?

6-निम्नलिखित काव्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए-1×2=2

छाता कहूं कि विजय पताकाएँ जीवन की,या हथेलियां खेले थे वे  नन्ही प्यारी।

7-वृद्ध जनों के आश्रय की समस्या के समाधान के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए ? स्पष्ट कीजिए। 1×3=3

व्याकरण

खड- ग

8- क-उपसर्ग किसे कहते हैं?  (1)

2 ख-प्रत्यय किसे कहते हैं उदाहरण देकर स्पष्ट करें (2)

9-कोष्टक में दिए गए निर्देशन अनुसार रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- (2)

क-वह बाजार से चार केले लाया। (निश्चित संख्यावाचक या परिमाणवाचक)

ख-आज बहुत  सर्दी है।

( विशेषण, प्रविशेषण)

10- दो दो पर्यायवाची शब्द लिखे-(2)

तलवार-

बादल

11-वाक्यांश के लिए एक शब्द बताइए-(2)

क-जिसका कोई अर्थ ना हो-

ख-जो समाचार भेजता है-

12-विलोम शब्द लिखिए-(1)

सार्थक-

13- पत्र' का अनेकार्थक शब्द बताइए। (1)

14- अत्याचार'  का संधि विच्छेद कीजिए।( 2)

15-निम्नलिखित अनुच्छेद के रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित परसर्गों से कीजिए- (2)

राम --- रावण को मारा। राम ने रावण – धनुष से मारा।

16-किसी एक विषय पर निबंध लिखिए- (5)

क-कामकाजी नारी की समस्या

ख-मेरे प्रिय कवि मैथिली शरण गुप्त

ग-सांप्रदायिकता अभिशाप

17-पिताजी को पारिवारिक कुशलता का समाचार देते हुए पत्र लिखिए ।(5)